महत्वपूर्ण

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उधमसिंहनगर।

सेवा में,

1–अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
पं0गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर।
2–समस्त प्राचार्य,
राजकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ऊधमसिह नगर।
3–समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक/राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊधमसिह नगर।
4–समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य,
मान्यता प्राप्त तकनीकी, व्यवसायिक, प्रबन्धन, चिकित्सा शिक्षा, उच्च शिक्षा संस्थान, उधमसिंहनगर ।
5–मुख्य शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक/माध्यमिक)
उधमसिंहनगर ।
6–समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी/उप खण्ड शिक्षा अधिकारी, उधमसिंहनगर ।

पत्र संख्या–   /स0क0/ऑनलाईन–छात्रवृत्ति/2021–22   दिनॉक–   अगस्त 2021

विषय– शैक्षणिक वर्ष 2021–22 में छात्रवृत्ति के नवीन आवेदनों के (Fresh Registration) पंजीकरण एवं विगत वर्ष के आवेदनों के (Renewal) नवीनीकरण एवं संस्थान द्वारा आवेदनों को ऑनलाईन सत्यापित किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी–नैनीताल के पत्र संख्या–1267/स.क./छात्र./विज्ञापन/2021–22 दिनांक 19.08.2021 के द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त ऑनलाईन पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2021–22 मैं नवीन आवेदनों के पंजीकरण (Fresh Registration) एवं विगत शैक्षणिक वर्ष में छात्रवृत्ति प्राप्त कर चुके छात्र–छात्राओं के आवेदनों के नवीनीकरण (Renewal) तथा संस्थान द्वारा आवेदनों को ऑनलाईन सत्यापित कर जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवेदन ऑनलाईन अग्रसारित करने हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (https://scholarships.gov.in) को तिथि 19 अगस्त 2021 से 30 सितम्बर 2021 तक खोला गया है।

नोटः–

ऐसे छात्र/छात्रा जिनको विगत शैक्षणिक वर्ष 2020–21 में छात्रवृत्ति प्रदान की गई है अथवा जिनके आवेदन को संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकरी द्वारा सत्यापित किया गया है, किन्तु कतिपय कारणों (कोषागार स्तर से बिल फेल होने, बजट की अनुपलब्धता आदि) से छात्रवृत्ति का भुगतान नही हो पाया है, ऐसे छात्र/छात्राओं द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2021–22 में आवेदनों का नवीनीकरण (Renewal) किया जाएगा तथा अन्य छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति का नवीन पंजीकरण (Fresh Registration) किया जाएगा।

ऐसे छात्र–छात्रा जिनको विगत शैक्षणिक वर्ष की अंकतालिका आवेदन करने की तिथि तक प्राप्त नहीं हुई है, के द्वारा Last year Marksheet मे शैक्षणिक वर्ष 2019–20 की अंकतालिका को Upload किया जा सकता है।

समस्त छात्र–छात्राओ द्वारा आवेदन पत्र में District फिल्ड में छात्र/छात्रा का गृह जनपद (Home District) भरा जाएगा।

समस्त छात्र–छात्राओ द्वारा आवेदन में अपनी बैंक की जानकारी को ध्यानपूर्वक भरना होगा। जिन छात्र–छात्राओं के बैंक खाते ऐसे बैंक मे है, जिनका विलय किसी अन्य बैंक मे हुआ हो, ऐसे छात्र–छात्राएं अपना नवीन बैंक खाता एवं आई0एफ0एस0सी0 भरें।

………….2

Scanned by TapScanner

अतः उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि शैक्षणिक वर्ष 2021–22 में अपने शैक्षिक संस्थान/अधीनस्थ संचालित शैक्षिक संस्थानों/विद्यालयों में अध्ययनरत सभी वर्गों के समस्त पात्र छात्र–छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन पत्र निर्धारित प्रक्रियानुसार राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (https://scholarships.gov.in) पर निर्धारित समयानुसार भरवाकर नियमानुसार आवेदन सत्यापित करते हुए समस्त पात्र आवेदनों को ऑनलाईन जिला समाज कल्याण अधिकारी, उधमसिंहनगर को अग्रसारित करने का कष्ट करें।

मुख्य शिक्षा अधिकारी, उधमसिंहनगर शैक्षणिक वर्ष 2021–22 में छात्रवृत्ति आवेदन ऑनलाईन किये जाने के सम्बंध में समस्त विद्यालयों को अपने स्तर से निर्देश जारी करना सुनिश्चित करें।

कृपया इस महत्वपूर्ण कार्य को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करते हुए समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय

(रंजना राजगुरू)
जिलाधिकारी,
उधमसिंहनगर।

पृष्ठाकंन संख्या– /उपरोक्तानुसार तद्दिनांक।
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित।
1– प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2– महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3– निदेशक, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी–नैनीताल।
4– निदेशक, जनजाति कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5– मुख्य विकास अधिकारी, उधमसिंहनगर ।
6– नोडल अधिकारी, आई0टी0 सैल, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7– जिला समाज कल्याण अधिकारी, उधमसिंहनगर ।

जिलाधिकारी,
उधमसिंहनगर।

Scanned by TapScanner